मध्यप्रदेश शासन
गृह (सी–अनुभाग) विभाग
मंत्रालय, भोपाल

क्रमांक 113 / /2020/दो/सी–2 भोपाल, दिनांक 25 अप्रैल,2020

प्रति,

पुलिस महानिदेशक,
मध्यप्रदेश,
पुलिस मुख्यालय, भोपाल।

विषय :– माल वाहक वाहनों में छुपकर आ रहे व्यक्तियों की जांच बावत्।

–––00–––

उपरोक्त विषय में उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त अ.शा. पत्र दि. 23.04.2020 की छायाप्रति संलग्न प्रेषित है, जिसमें सम्पूर्ण भारत में लागू लॉक डाउन अवधि में व्यक्तियों को ट्रकों में छुपाकर उत्तर प्रदेश के जनपदों में लाये जाने का लेख करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों को क्वारन्टाइन में रखने में कठिनाई उत्पन्न होने का लेख किया है।

2/ निर्देशानुसार अनुरोध है कि पत्र में चाहे अनुसार अवैध रूप से ट्रकों में यात्रा करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही हेतु पुलिस अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामांकित करने का कष्ट करें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

25.4.2020

(श्री दास)
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग

Scanned with CamScanner

अवनीश कुमार अवस्थी
आई.ए.एस.
अपर मुख्य सचिव

फोन : 0522-2238760,
0522-2238291
फैक्स : 0522-2236937

अर्द्धशा0पत्र सं0 304 /ए.सी.एस. /2020

गृह, गोपन, वीजा, पासपोर्ट, सतर्कता, कारागार,
सूचना एवं धमार्थ कार्य विभाग,
लोक भवन, उत्तर प्रदेश शासन।

PRINCIPAL SECRETARY
GOVT. OF M.P. HOME DEPARTMENT
24 APR 2020
File No. 3896

दिनांक : 23-04-2020

प्रिय महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि कोविड–19 की महामारी के कारण सम्पूर्ण भारत में लागू लॉक डाउन अवधि में मध्य प्रदेश से व्यक्तियों को ट्रकों में छुपाकर उत्तर प्रदेश के जनपदों–झांसी व महोबा आदि में लाये जाने के प्रकरण प्रकाश में आए हैं। यह लॉक–डाउन का स्पष्ट उल्लंघन है तथा ऐसे पकड़े गए व्यक्तियों को क्वारन्टाइन में रखने में भी कठिनाई आ रही है।

कृपया आपसे अनुरोध है कि इस समस्या के निराकरण के लिए अपने स्तर से सम्बन्धित जनपदों को आवश्यक निर्देश देने का कष्ट करें तथा इस सम्बन्ध में मध्य प्रदेश शासन व सम्बन्धित जनपदों के स्तर पर पुलिस के किसी वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनका विवरण उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उत्तर प्रदेश शासन की ओर से इस समस्या के निराकरण के लिए गृह विभाग के विशेष सचिव, श्री अमिताभ त्रिपाठी (मोबाइल नम्बर–9454413815), अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर ज़ोन, कानपुर, श्री जय नरायण सिंह (मोबाइल नम्बर–9454400142) तथा अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज ज़ोन, प्रयागराज, श्री प्रेम प्रकाश (मोबाइल नम्बर–9454400139) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

No. 2167 /SH(P)/2020
Dated 24/04/2020

भवदीय,

(अवनीश कुमार अवस्थी)

श्री इकबाल सिंह बेन्स
मुख्य सचिव
मध्य प्रदेश शासन

संख्या एवं दिनांक–तदैव।

प्रतिलिपिः–निम्नांकित को कृपया उपरोक्त के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, गृह विभाग, मध्य प्रदेश शासन।
2. पुलिस महानिदेशक, मध्य प्रदेश।

24 APR 2020

(अवनीश कुमार अवस्थी)

Scanned with CamScanner